***प्रेस नोट*** ***दिनांक 31.10.2025***

**राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर मऊ पुलिस द्वारा RUN FOR UNITY कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन।**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जनपद के सभी थानो पर सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दिलाई गयी शपथ।

आज दिनांक 31.10.2025 को भारत के लौह पुरुष, स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर मऊ जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस (National Unity Day) बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। जनपदीय स्टेडियम, मऊ से भव्य RUN FOR UNITY (एकता दौड़) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में एकता, अखण्डता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री ऐ0 के0 शर्मा माननीय कैबिनेट मंत्री नगर विकास तथा उर्जा द्वारा फ्लैग ऑफ कर किया गया। महोदय द्वारा,अधिकारियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात सभी उपस्थितजनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने भारत की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने, तथा देश की विविधता में एकता के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कर्मचारीगण व जनसमूह को राष्ट्रीय एकता,अखंडता एवं भाईचारे के संदेश के साथ देश की एकता और सुरक्षा के प्रति संकल्पित रहने की शपथ दिलाई। “रन फॉर यूनिटी” कार्यक्रम में जनपद मऊ के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने “एक भारत – श्रेष्ठ भारत”, “एकता का संकल्प” तथा “सरदार पटेल अमर रहें” जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक समरसता को सशक्त बनाना रहा। बाद समाप्ति कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि “सरदार वल्लभभाई

पटेल जी ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और अद्भुत नेतृत्व से देश को एक सूत्र में पिरोया। आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि एकजुट भारत ही सशक्त भारत है।"

इस दौरान सांस्कृतिक प्रोग्राम कुछ झलकिया पेश की गय़ी।

RUN FOR UNITY के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने जोशपूर्ण वातावरण में भारत माता की जय एवं एकता अमर रहे के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया।

इसी क्रम में जनपद के सभी थानों एवं शाखाओं द्वारा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग लिया गया एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बनाये रखने के लिए संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मऊ श्री प्रवीन मिश्र, पुलिस अधीक्षक मऊ डॉ इलामारन जी, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार जी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय एवं जनपद के अन्य पुलिस अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में कर्मियों की मौजूदगी रही।

**#दंड से न्याय की ओर"**

**पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद मऊ के सर्किल घोसी के थाना कोपागंज द्वारा हबीब इंटर कॉलेज व राजन डिग्री कॉलेज थाना कोपागंज के विद्यार्थियों को नये आपराधिक कानूनों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम में "NCL Awareness 2.0" अभियान " आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान स्कूल/कालेज के छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता 2023 (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (BNSS) एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (BSA) की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराते हुए बताया गया कि इन नये कानूनों का उद्देश्य "दंड से न्याय की ओर" की अवधारणा को साकार करना है।

नये कानूनों मे विधिक प्रक्रिया अधिक पीड़ित-केंद्रित, पारदर्शी एवं त्वरित न्याय पर आधारित है, जिसमें महिला सुरक्षा, संगठित अपराध, साइबर अपराध एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों के प्रयोग को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

**02 नफर शातिर चोर गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किये गये 5 अदद ईरिक्शा की बैट्री एक अदद टुल्लू पम्प व 2 अदद मोटर पानी का पम्प व चोरी मे प्रयोग किया गया एक अदद टेम्पू बरामद -**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र सिंह के कुशल निर्देशन में थाना घोसी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 31.10.2025 की रात्रि समय 01.50 एएम पर भीरा बार्डर से दो नफर शातिर चोर 1. राजबली मौर्य पुत्र बेचू मौर्य उम्र करीब 25 वर्ष निवासी गोलवार टोला कस्बा थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ 2. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 शिवनाथ राम उम्र करीब 58 वर्ष निवासी भीटी बाडी कोट थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की ईरिक्शा की 05 अदद बैट्री व एक अदद टुल्लु पम्प मोटर व 2 अदद मोटर पानी का पम्प व घटना मे प्रयोग की गयी एक अदद टैम्पू के साथ गिरफ्तार किया गया। मौके पर कडाई से पूछताछ में उनके द्वारा दिनांक 29.10.2025 को सबरहद बिरैचा से इरिक्शा मे लगी पांच बैटरी तथा टुल्लू पम्प(मोटर) चोरी किये जाने की बात तथा करीब 10 दिन पूर्व ग्राम मुस्कुरा के सीवान के आस पास के खेतों से 03 अदद मोटर(पानी का) चोरी करने की बात स्वीकारते हुए अपने पास से बरामद 05 अदद बैट्री व एक अदद टुल्लु पम्प मोटर व 2 अदद मोटर पानी का पम्प को चोरी किया गया बात बताते हुए आज उसे बेचने के उद्देश्य से ले जाते हुए पकड़े जाने की बात बतायी तथा मौके पर मिले टेम्पो का चोरी की घटना मे प्रयोग किया जाना बताया गया चूकि उक्त चोरीयों के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 526/2025 धारा 303(2) बी.एन.एस तथा मु0अ0सं0 515/2025 धारा 303(2). बी.एन.एस पंजीकृत है। अतः उक्त बरामदगी के आधार पर उक्त मुकदमों में धारा 317(2) बी.एन.एस की बढोत्तरी की गयी। उक्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही हेतु मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण**

1. राजबली मौर्य पुत्र बेचू मौर्य उम्र करीब 25 वर्ष निवासी गोलवार टोला कस्बा थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ
2. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 शिवनाथ राम उम्र करीब 58 वर्ष निवासी भीटी बाडी कोट थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ

**अनवारणित अभियोग**

1. मु0अ0सं0 526/2025 धारा 303(2)/ 317(2) बी.एन.एस थाना घोसी जनपद मऊ
2. मु0अ0सं0 515/2025 धारा 303(2)/ 317(2) बी.एन.एस थाना घोसी जनपद मऊ

**बरामदगी विवरण**

1. बरामद 05 अदद बैट्री
2. एक अदद टुल्लु पम्प मोटर
3. 2 अदद मोटर पानी का
4. 940 रुपये व एक अदद टैम्पू

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

1. प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह
2. उ0नि0 मदन कुमार गुप्ता
3. उ0नि0 संजय कुमार उपाध्याय
4. उ0नि0 पवन कुमार
5. हे0का0 विमलेश सिंह
6. का0 रिन्कू कुमार
7. का0 अंकित द्विवेदी
8. का0 अभय राजन
9. का0 राकेश सिंह